8-1/CSU/Acd./Admissions/CUET-PG/2026/527

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली

जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

**शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष 2026-27 पाठ्यक्रम के द्वितीय चरण (Phase-II) में प्रवेश प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए "अपवर्ड मूवमेंट" प्रक्रिया हेतु अधिसूचना**

**दिनांक**- 30.07.2026

शिक्षा-शास्त्री (B.Ed.) पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया के **द्वितीय चरण** के अंतर्गत विभिन्न परिसरों में प्रवेश प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा "अपवर्ड मूवमेंट" हेतु आवेदन प्रक्रिया गूगल फॉर्म के माध्यम से 31-07-2026 से 01-08-2026 तक की जा रही है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य द्वितीय चरण में प्रवेश प्राप्त कर चुके छात्रों को रिक्त रह गई सीटों पर इच्छित परिसर आवण्टन करना है। यह प्रक्रिया विश्वविद्यालय के परिसरों में संचालित शिक्षा-शास्त्री पाठ्यक्रम हेतु लागू होगी, जिनमें हैं:

| **क्र.सं.** | **परिसर का नाम** |
|---|---|
| 1. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, सिपाई, लेम्बुचेरा, पश्चिम त्रिपुरा – 799210 |
| 2. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री वेदव्यास परिसर, बलाहर, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 177108 |
| 3. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रणवीर परिसर, कोट- भलवाल, जम्मू -181122 |
| 4. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गुरुवायूर परिसर, पुरनाट्टुकरा, त्रिशूर, केरल – 680551 |
| 5. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री राजीव गांधी परिसर, मेणसे, श्रृंगेरी, कर्नाटक – 577139 |
| 6. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, बाग सेवनिया, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462043 |
| 7. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर, राजस्थान – 302018 |
| 8. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश – 226010 |
| 9. | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर, पुरी, ओडिशा– 752001 |

**आवेदन की अवधि: -** तिथि: 31-07-2026 से 01-08-2026 (रात्रि 11:59 बजे) तक

**माध्यम:** विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित गूगल फॉर्म लिंक: https://forms.gle/5Ftv8dxfoKcevGkW7

**प्रमुख दिशा-निर्देश एवं नियमावली:**

1. **यह प्रक्रिया केवल प्रवेश प्रक्रिया के द्वितीय चरण में प्रवेश प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए ही लागू है।**
2. अपवर्ड मूवमेंट में भाग लेना अनिवार्य नहीं है। यह विकल्प केवल उन्हीं छात्रों के लिए है जो परिसर परिवर्तन करना चाहते हैं।
3. अपवर्ड मूवमेंट के लिए आवेदन करते समय सभी परिसरों के विकल्प प्रदर्शित होंगे, परंतु अभ्यर्थी केवल उन्हीं परिसरों का चयन करें जहाँ वे वास्तव में अध्ययन हेतु जाना चाहते हैं। अनावश्यक विकल्पों के चयन से बचें। क्योंकि चयनित परिसर में आवण्टन होने पर अनिवार्यतया जाना होगा।
4. **आवेदन केवल समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत ईमेल आईडी से ही मान्य होगा।**
5. अपवर्ड मूवमेंट हेतु छात्रों को रुपये 1000/- शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा, यह राशि नॉन रेफन्डेबल होगी।
6. एक बार आवेदन कर देने के पश्चात, यदि किसी छात्र को चयनित विकल्पों में से किसी भी परिसर में प्रवेश आवंटित हो जाता है, तो उसे उस परिसर में अनिवार्य रूप से जाना होगा। साथ ही पूर्व में आवंटित परिसर से प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा।
7. **एक बार कोई नया परिसर आवंटित हो जाने के बाद किसी भी प्रकार की अपील, परिवर्तन या क्षमा अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। उदाहरण: "मुझसे गलती से फॉर्म भर गया", "अब मैं नहीं जाना चाहता" आदि।**
8. प्रवेश की मूल श्रेणी (Category) एवं अध्ययन-धारा (Stream) यथावत रहेगी। अपवर्ड मूवमेंट उसी के अंतर्गत मान्य होगा।
9. यह प्रक्रिया केवल द्वितीय चरण में प्रवेश प्राप्त कर चुके छात्रों के लिए ही आयोजित की जा रही है। भविष्य में किसी भी चरण में, आवेदन कर चुके छात्रों को कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।
10. अपवर्ड मूवमेंट का परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा।
11. चयनित छात्रों को परिणाम घोषित होने के अधिकाधिक 10 कार्यदिवसों के भीतर अपने नवीन आवंटित परिसर में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।
12. यदि कोई छात्र निर्धारित तिथि तक नवीन परिसर में उपस्थित नहीं होता है, तो उसका प्रवेश स्वतः निरस्त मान लिया जाएगा और उसकी सीट प्रतीक्षा सूची के योग्य छात्र को आवंटित कर दी जाएगी। साथ ही पुरातन परिसर का परिसर भी स्वतः निरस्त माना जाएगा।

**विशेष निर्देश:**

- **अपवर्ड मूवमेंट परिसर परिवर्तन का अवसर है; अतः इसमें भाग लेते समय पूर्ण जागरूकता, उत्तरदायित्व और सावधानी अपेक्षित है।**
- **सभी छात्र यह सुनिश्चित करें कि वे जिन परिसरों का चयन कर रहे हैं, उनमें अध्ययन करने हेतु मानसिक, सामाजिक एवं भौगोलिक दृष्टि से पूर्णतः तैयार हैं।**
- **किसी प्रकार के भ्रम, सामाजिक दबाव या जानकारी के अभाव में विकल्प न भरें।**
- **अंतिम तिथि के पश्चात कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

**विशेष ध्यातव्य :**

- यदि आप वर्तमान में आवंटित परिसर से संतुष्ट हैं और परिवर्तन नहीं चाहते, तो इस प्रक्रिया में भाग लेने की आवश्यकता नहीं है।
- यदि आपने फॉर्म भरा है और आपको नई वरीयता के अनुसार कोई परिसर आवंटित हुआ है, तो वहाँ जाना अनिवार्य होगा – अन्यथा आपका प्रवेश पूर्व परिसर में भी स्वतः निरस्त माना जाएगा। शुल्क जमा करने हेतु अधोलिखित क्यू.आर. कोड को स्कैन किया जा सकता है -

CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY

Scan and Pay

**VPA ID --- CENTRALSANSKRITUNIVERSITY.eazypay1@icici**

(डॉ. विजय कुमार दाधीच)
**प्रभारी अधिकारी - प्रवेश**

**प्रतिलिपि-**

1- कुलपति कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
2- कुलसचिव कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
3- परीक्षा नियन्त्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
4- निदेशक, समस्त सम्बद्ध परिसर
5- परियोजना अधिकारी (वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ)
6- अधिष्ठाता, शिक्षाशास्त्र
7- विद्याशाखाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र
8- सम्बद्ध संचिका।